ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : २१ | मुंबई, शुक्रवार, २६ अप्रैल से २ मई २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

१९ मई को वाराणसी में चुनाव
पीएम के खिलाफ १०० किसान लड़ेंगे चुनाव!

आसिफ खान

हैदराबाद : तेलंगाना और तमिलनाडु के करीब १०० किसान अपनी समस्याओं को रेखांकित करने के लिए वाराणसी लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से चुनाव लड़ने वाले हैं। भारतीय हल्दी उत्पादक किसान संघ के अध्यक्ष पी के देइवासीगामणी ने कहा कि वह अपना नामांकन पत्र २९ अप्रैल से पहले दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, 'हम चुनाव लड़ने के लिए जमानत राशि का इंतजाम करने की प्रक्रिया में हैं। चाहे बीजेपी सरकार हो या कांग्रेस सरकार, किसानों को हमेशा ही नजरअंदाज किया जाता है। तमिलनाडु से ५० और तेलंगाना से ५० किसान वाराणसी

से चुनाव लड़ेंगे।' बता दें कि वाराणसी में चुनाव आखिरी चरण में १९ मई को होगा। देइवासीगामणी ने कहा, 'हम किसानों के मुद्दों को रेखांकित करना चाहते हैं। हमें अपने उत्पाद के लिए कभी भी लाभकारी कीमत नहीं मिली।' उन्होंने दावा किया कि जहां तक सरकारी नीतियों का सवाल है, पूरे देश में किसानों को नजरअंदाज किया जाता है। देइवासीगामणी ने आरोप लगाया कि पिछले साल ३८१ किसानों ने आत्महत्या की।

निजामाबाद से १७७ किसानों ने सत्ताधारी टीआरएस के खिलाफ विरोध स्वरूप चुनाव लड़ा था। किसानों ने वहां से चुनाव टीआरएस पर हल्दी और लाल ज्वार के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने और निजामाबाद में हल्दी बोर्ड स्थापित कराने में असफल रहने रका आरोप लगाते हुए इसके विरोध स्वरूप लड़ा था। निजामाबाद से बीजेपी उम्मीदवार धर्मपुरी अरविंद ने कहा कि वाराणसी सीट से तेलंगाना किसानों द्वारा प्रस्तावित सामूहिक नामांकन राजनीतिक रूप से प्रेरित है।

CJI गोगोई यौन उत्पीड़न: जस्टिस रमन्ना ने जांच समिति से नाम वापस लिया

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय जांच समिति से जस्टिस एनवी रमन्ना ने किनारा कर लिया है. सुप्रीम कोर्ट ने इस इस मामले में विभागीय जांच के आदेश देते हुए तीन सिटिंग जज- जस्टिस एसए बोबड़े, एनवी रमन्ना और इंदिरा बनर्जी की समिति का गठन किया था.

बता दें कि शिकायत करने वाली महिला ने इस समिति में रमन्ना के होने पर सवाल खड़े किए थे. महिला का आरोप है कि रमन्ना और सीजेआई गोगोई ख़ास दोस्त हैं ऐसे में वो जांच को प्रभावित कर सकते हैं. महिला के मुताबिक दोनों जजों के पारिवारिक संबंध हैं ऐसे में निष्पक्ष जांच सवालों के घेरे में आ जाती है. महिला का आरोप है कि २० अप्रैल को अज उन्होंने एफिडेविट दाखिल किया था तब भी जस्टिस रमन्ना ने आरोपों को खारिज कर दिया था.

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई के खिलाफ 'साजिश' के मामले में जांच के आदेश दिए हैं. अदालत ने स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम का गठन किया है, जिसका नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एके पटनायक करेंगे. इसके साथ ही इस मामले की जांच में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) और इंटेलीजेंस ब्यूरो (IB) चीफ उनकी मदद करेंगे.

साजिश के दावों से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है. कोर्ट ने साफ़ कहा कि देश की शीर्ष अदालत कुछ ताकतवर और पैसे वाले लोगों की मर्जी से काम नहीं कर सकती. कोर्ट ने चिंता जाहिर की है कि बीते ३-४ सालों से लगातार सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है.

वायुसेना ने विंग कमांडर अभिनंदन के लिए 'वीर चक्र' की सिफारिश

जाफर शेख

नई दिल्ली :बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब देने वाले विंग कमांडर अभिनंदन बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब देने वाले विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के लिए भारतीय वायुसेना ने 'वीर चक्र' की सिफारिश की है। इससे पहले यह खबर थी कि भारतीय वायुसेना ने सुरक्षा कारणों के चलते विंग कमांडर अभिनंदन का कश्मीर से तबादला कर दिया है। वह श्रीनगर स्थित एयरबेस पर तैनात थे। बताया जाता है कि उन्हें पश्चिमी सेक्टर के किसी महत्वपूर्ण बेस पर ही तैनात किया जाएगा।

बता दें कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर एयर



स्ट्राइक की थी। इस कार्रवाई के बाद बीते २७ फरवरी को पाकिस्तानी वायुसेना कुछ 'F-१६' लड़ाकू विमानों ने भारतीय वायु क्षेत्र में घुस आए थे। उस समय भारतीय विमानों ने इनका पीछा करते हुए एक पाकिस्तानी 'F-१६' विमान को मार गिराया था। इस कोशिश में भारतीय वायुसेना का एक मिग बाइसन जेट गुलाम कश्मीर में क्रैश हो गया था। इस विमान को विंग कमांडर अभिनंदन उड़ा रहे थे। हालांकि, अपना विमान क्रैश होने से पहले ही इस बहादुर भारतीय फाइटर पायलट ने एक पाकिस्तानी 'F-१६' फाइटर जेट को मार गिराया था।

अभिनेता सनी देओल भाजपा में शामिल

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में मंगलवार को यहां

भाजपा में शामिल हुए। देओल ने भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से पिछले सप्ताह पुणे हवाईअड्डे पर थोड़ी देर के लिए मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, ''मेरे पिता अटलजी से जुड़े हुए थे, आज मैं मोदीजी के साथ जुड़ने के लिए आया हूं।'' देओल ने कहा, ''मैं इस परिवार (भाजपा) के लिए जो कुछ कर सकता हूं, मैं करूंगा... मैं बात नहीं करता, मैं अपने काम से आपको दिखाऊंगा।''

सूत्रों के अनुसार 'घायल' और 'दामिनी' जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय करने वाले देओल को पार्टी लोकसभा चुनाव में गुरदासपुर या चंडीगढ़ सीट से खड़ा कर सकती है। इससे पहले गुरदासपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व दिवंगत विनोद खन्ना (भाजपा) ने किया था। खन्ना के निधन के बाद यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई थी। मथुरा से भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी देओल की सौतेली मां हैं।

आजम खान के बेटे अब्दुल्ला के 'अनारकली' कहने पर भड़कीं जयाप्रदा

शाईस्ता शेख

नई दिल्ली : उत्तर प्रदेश के रामपुर से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आजम खान के बाद अब उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान ने बीजेपी की प्रत्याशी जयाप्रदा के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी की है. आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान ने जयाप्रदा के लिए जिस शब्द का इस्तेमाल किया है, उससे एक बार फिर सियासी सरगर्मी बढ़ने के आसार हैं. रामपुर में चुनावी रैली के दौरान अब्दुल्ला ने जयाप्रदा के लिए अप्रत्यक्ष तौर पर अनारकली शब्द का इस्तेमाल किया है. अब्दुल्ला ने मंच से कहा, ''अली भी हमारे, बजरंगबली भी हमारे. हमें अली भी चाहिए और बजरंग बली भी चाहिए लेकिन अनारकली नहीं चाहिए.'' हालांकि,

इस बयान के बाद जयाप्रदा ने भी पलटवार किया है. 'मायावती जी आपको सोचना चाहिए उनकी एक्स-रे जैसी आंखें आपके ऊपर कहां-कहां देखेंगी'

रामपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला आजम खान ने कहा कि 'अली भी हमारे, बजरंगबली भी हमारे. हमें अली भी चाहिए और बजरंग बली भी चाहिए लेकिन अनारकली नहीं चाहिए.' हालांकि, अब्दुल्ला ने जयाप्रदा का नाम नहीं लिया. मगर राजनीतिक दृष्टिकोण से इस बयान को जयाप्रदा से जोड़कर ही देखा जा रहा है. बता दें कि चुनावी माहौल में जयाप्रदा और आजम खान के बीच लगातार जुबानी जंग देखने को मिल रही है.

चुनाव कर्मचारियों की लापरवाही मतदाता होंगे मतदान से वंचित, नहीं बंटी मतदान पर्ची

मुंबई : लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए जहां चुनाव आयोग विभिन्न उपाय योजना कर रहा है, वहीं क्षेत्रीय चुनाव कर्मचारियों की लापरवाही इतनी हो गई है कि कई जगह मतदाता मतदान से वंचित रह जाएंगे। उपनगरीय झोपड़पट्टी बाहुल्य इलाकों में कर्मचारियों की लापरवाही आसानी से देखी जा सकती है।

बता दें कि नए मतदाताओं में जोश भरने के लिए चुनाव आयोग ने 'सेल्फी मूव' अपनाया है, वहीं दिव्यांग मतदाताओं के लिए वाहनों की सुविधा तक उपलब्ध कराई है। इसके अलावा बुजुर्गों के लिए पालखी के साथ ही अन्य मतदाताओं को जागरूक करने के लिए फ्लैश मॉब आदि योजनाएं चुनाव आयोग द्वारा अमल में लाई गई हैं लेकिन इसके विपरीत क्षेत्रीय चुनाव कर्मचारी चुनावी प्रक्रिया में लापरवाही बरत रहे हैं। मानखुर्द-शिवाजीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत झोपड़पट्टी बाहुल्य इलाके आते हैं, यहां स्थिति ऐसी है कि अभी तक अधिकांश मतदाताओं के पास मतदान पर्ची नहीं पहुंच पाई है।

आर के एड्स रिसर्च एण्ड केअर सेंटर ट्रस्ट,यूनाइटेड वर्ल्ड पीस वेल्फेयर ऑर्गनाइज़ेशन संस्था, जीवन ज्योत चैरिटेबल संस्था

के माध्यम से **सुनील पतोड़िया** के जन्म दिन के शुभ अवसर पर स्वस्थ ज़िन्दगी के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजत

पता : ईदगाह मैदान बांद्रा प्लाट जोगेश्वरी पूर्व में

दिनांक : १ मई २०१९ सुबह ७.०० से दोपहर ३.०० बजे तक

- इस कार्यक्रम में महिलाओ की जांज मुफ्त में की जाएगी.
- मुफ्त में दवा दी जाएगी .
- यह मुफ्त चिकित्सा शिविर सिर्फ महिलाओ और बच्चो के लिए रखा गया है.
- इस कार्यक्रम में महिलाओं की जाँच की जाएगी.
- आँखों का चेकअप
- अगर किसी को कोई गंभीर बिमारी है तो उनका ओप्रशन मुफ्त कराया जाएगा.
- इ.सी.जी. हार्ट चेकअप
- बी.एम.डी. (हड्डी का चेकअउप)
- नियो पेथिक (नसों का चेकअप)
- बी.एम्.आई.(शरीर में चर्बी ज्यादा होने पर करने वाला चेकअप)
- सभी प्रकार के ब्लड चेकअप

R K Aids Research & Care Centre Trust

Proud Holder of Guinness World Record and Asia Book of Records

alongwith

JIVAN JYOT CHARITABLE TRUST

Trust Regn. No. E. - 15512 (Mumbai) dt. 10-2-1995

presents

Swasth Zindagi Janamotsav

on the occasion of Birthday of

Lion CA SUNIL PATODIA

International Director Endorsee - District 3231 A3

Medical Camp and Free Distribution of Medicine and Spectacles to needy

अब रेलवे से उधार ले सकते हैं टिकट

मुंबई : आइआरसीटीसी की इस सर्विस का नाम है 'book now and pay later' (बुक नाउ एंड पै लेटर)। टिकट बुक करवाने के बाद आप पैसे का भुगतान कर सकते हैं। इसका फायदा ये होगा की आपको टिकट का भुगतान करते वक्त किसी तरह की भुगतान विफलताओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस तरह से करे अपनी टिकट बुक : सबसे पहले आप आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

www.zkkanews.com

IRCTC ePaylater

आधिकारिक वेबसाइट पर आने के बाद अपनी यात्रा की जानकारी दें, कि आपको कहां जाना है और कब जाना है।

इसके बाद आपके पास पेमेंट करने के विकल्प आएगा, यहां आपको भुगतान करने का तरीका देना होता है। अब आपको यहां पै लेटर का ऑप्शन सेलेक्ट करना है। इसके बाद आपको 'ePayLater' वेबसाइट पर पहुंच जाएंगे। फिर आप अपने 'ePayLater' खाते में लॉगिन करें और बुकिंग राशि की पुष्टि करें।

१४ दिनों के अंदर करना होगा भुगतान: आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आपको १४ दिनों के बाद शुल्क देना होगा, जिसमें आपको ब्याज भी देना होगा। इसके अलावा फिलहाल 'ePayLater' शून्य प्रतिशत लेनदेन शुल्क पर बुकिंग की पेशकश कर रहा है।

उधार में भी बुक होगा रेलवे का आरक्षित टिकट: इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आइआरसीटीसी) ने नई सेवा शुरू करने के लिए एक प्राइवेट कंपनी के साथ करार किया है। इसमें कोई भी यात्री उधार में आरक्षण टिकट बनवा सकता है। समय से भुगतान करने वालों की क्रेडिट लिमिट बढ़ती जाएगी। उधार आरक्षण टिकट बनाने वाले सभी रेल यात्रियों को आइआरसीटीसी की वेबसाइट पर जाकर लॉग इन करना होगा।

चुनाव ड्यूटी में फोर्स रवाना, सारी जिम्मेवारी थाना प्रभारियों के कंधे पर

झारखंड में पहले चरण का चुनाव २९ अप्रैल और दूसरे चरण का ६ मई को निर्धारित है। चुनावी डयूटी के लिए जिला पुलिस और रेल पुलिस के अधिकारी, जवान और होमगार्ड जवानों को बुधवार से रवाना करना शुरू कर दिया गया है जिससे थानों और पुलिस चौकियों में बल की कमी हो गई है। थाने में पांच-छह पुलिसकर्मी ही रह गए हैं। ६ मई को मतदान के बाद ही पुलिसकर्मी वापस जिले लौट पाएंगे। इसके बाद कोल्हान प्रमंडल में १२ मई को होने वाले चुनाव डयूटी में पुलिसकर्मी लगाएं जाएंगे। हर थाना से पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी इसमें शामिल रहेंगे। ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखने में गुरुवार से मशक्कत होगी। रात की गश्ती के साथ ही रुटीन कामकाज भी प्रभावित होंगे। कानूनी व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी मौजूद पुलिसकर्मियों के कंधे पर डबल हो जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर व्यवस्था संभालने में थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी होगी। २९ अप्रैल को प्रदेश के पलामू, लोहरदगा और चतरा और ६ मई को कोडरमा, रांची, खूंटी और हजारीबाग में चुनाव होने है। चुनाव में हमेशा ऐसा होता है। फोर्स की कमी अवश्य हुई है।

संपादकीय

मजबूत होती साझेदारी

अमेरिका और जापान के रक्षा एवं विदेश विभाग के शीर्ष मंत्रियों ने द्विपक्षीय बातचीत में भारत के साथ बेहतर होते संबंधों पर संतोष जताया है. वाणिज्यिक तथा सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ये तीन देश ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापक साझेदारी बनाने की दिशा में अग्रसर हैं. भारत, जापान और अमेरिका की पहली त्रिपक्षीय बैठक नवंबर, २०१८ में हुई थी तथा दो संयुक्त सैन्याभ्यास भी हो चुके हैं. जी-२० शिखर सम्मेलन के आयोजन में हुए उस त्रिपक्षीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए तीनों देशों के नाम के अक्षरों को मिला कर 'जय' की संज्ञा दी थी. उल्लेखनीय है कि कभी एशिया-प्रशांत के नाम से इंगित किये जानेवाले क्षेत्र को अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र कहा जाता है. यह भारत की बढ़ती भूमिका का सूचक है. सबसे पहले अमेरिका ने इस नाम का प्रयोग किया था, लेकिन आज इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयुक्त किया जाता है. दक्षिण चीनी समुद्र में नियंत्रण तथा बेल्ट-रोड परियोजना एवं विविध निवेशों के माध्यम से चीन अपना वैश्विक वर्चस्व बढ़ाने की लगातार कोशिश कर रहा है. भारत, अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया की पहल को चीन की काट के रूप में देखा जाता है. हालांकि ये देश ऐसी आशंकाओं को निराधार बताते रहे हैं, पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कूटनीति के बहुपक्षीय स्वरूप को ठोस करने के लिए विभिन्न मंचों की आवश्यकता बढ़ गयी है. चीन के साथ भारत, अमेरिका और जापान के गहरे आर्थिक संबंध हैं तथा अलग-अलग मुद्दों पर तनाव के बाद भी परस्पर आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए ये सभी देश प्रयासरत रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि चीन अपनी नीतियों को लेकर आक्रामक है तथा अमेरिका का जोर संरक्षणवाद पर है. ऐसे में भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था तथा क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति को इस खींचतान में संतुलन बनाने की चुनौती है.

बीते सालों में इस चुनौती से पार पाने की कोशिश में भारत ने अमेरिका, रूस और चीन के साथ यूरोपीय संघ, आसियान, जापान, दक्षिण कोरिया, अरब के देशों से भी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाया है. इसी प्रयास का परिणाम है कि बड़ी और विकसित शक्तियां भारत से निकटता को प्रगाढ़ करने में लगी हुई हैं.

चीन, रूस और अमेरिका आपसी सहयोग के बावजूद आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक प्रतिस्पर्द्धा में हैं. इस होड़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है और इसमें निकट भविष्य में बदलाव की संभावना नहीं है. इन देशों से भारत के संबंध भी उतार-चढ़ाव से प्रभावित होते हैं, लेकिन भारत के साथ की आवश्यकता भी इन देशों को है. भारत एक ऐसे स्थान पर खड़ा है, जहां से वह अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य, समुद्री सुरक्षा तथा राजनीति को प्रभावित कर सकता है. जापान और अमेरिका के रुझान को इस दृष्टिकोण से भी देखा जाना चाहिए. इन तीन देशों की साझेदारी जहां वैश्विक स्तर पर सकारात्मक है, वहीं इन्हें चीन के साथ निरंतर संवाद से विवादित मसलों को सुलझाने का प्रयास भी करना चाहिए, ताकि व्यापक संतुलन स्थापित हो सके.

बढ़े वजन पर बोले फरदीन खान, जैसा हूं, जानता हूं, कोई फर्क नहीं पड़ता

'जंगल', 'भूत', 'नो एंट्री' और 'हे बेबी' जैसी फिल्मों के अभिनेता फरदीन खान पिछले ८ - ९ साल से बॉलिवुड की फिल्मों से गायब हो गए हैं। इन दिनों वह कभी- कभार किसी पारिवारिक फंक्शन में जरूर नजर आते रहे हैं और इसी दौरान जब भी उनकी तस्वीरें मीडिया में कैद हुईं, उन्हें सोशल मीडिया में जमकर ट्रोल किया गया। फरदीन को ट्रोल करने करने की वजह बनी उनका तेजी से बढ़ता वजन। फरदीन खान ने बॉलिवुड में कदम रखने ही शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के वर्चस्व को हिला कर रख दिया था। उनके लुक की खूब चर्चा रहा करती थी। चॉकलेटी बॉय फरदीन खान का यह जलवा ज्यादा समय तक नहीं चला, पहले ड्रग्स के केस में उलझे और बाद में फिल्मों में लगातार मिलती असफलता के बाद वह गायब ही हो गए।

अब खबर है कि फरदीन फिर से फिल्मों में वापसी करने वाले हैं। अपनी बहन फरहा की किताब लॉन्च पर पत्नी नताशा के साथ पहुंचे, फरदीन ने बताया कि इन दिनों वह अपने बच्चों के साथ बिजी रहते हैं, बच्चों के साथ ही उनका सारा समय व्यतीत होता है। फरदीन बताते हैं, 'मैं बहुत ही सिलेक्टिव काम करने की प्लानिंग कर रहा हूं। ऐक्टिंग के साथ-साथ निर्देशन और प्रॉडक्शन का काम भी शुरू करूंगा। जल्दी ही इस बात की घोषणा भी करूंगा।'

अपने बढ़ते वजह को लेकर ट्रोल होने पर मुस्कुराते हुए, लेकिन बहुत ही आत्मविश्वास के साथ फरदीन ने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि बिना किसी मतलब के ही मुझे ट्रोल किया जाता है, लोगों को बॉडी शेमिंग की इस बुरी आदत को अब छोड़ देना चाहिए। बेवजह ही लोग मेरे बारे में बातें कर रहे हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इन सब बातों से अब ऊपर उठ जाना चाहिए। मुझे सच में कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं जैसा हूं, वैसा हूं, मैं खुद को मिरर में देख सकता हूं। मैं इन सब चीजों पर हंसता हूं और आजकल मैं खुद के बारे में कम खबरें पढ़ता हूं।'

जब फरदीन अपने वजन को लेकर ट्रोल हुए थे, तब उन्हने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा मेसेज अपने हेटर्स के नाम लिखा था। फरदीन २ साल बाद पहले से ज्यादा फिट नजर आए। फरदीन खान ने बॉलीवुड की सीनियर ऐक्टर मुमताज की बेटी नताशा से शादी की है और दोनों अब एक बेटी और एक बेटे के माता-पिता हैं।

अक्षय कुमार की सूर्यवंशी में होंगी कैटरिना कैफ

पिछले काफी दिनों से रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'सूर्यवंशी' चर्चा में है। इस फिल्म में लीड रोल में अक्षय कुमार हैं लेकिन अभी तक यह कन्फर्म नहीं था कि उनके ऑपोजिट लीडिंग लेडी कौन होंगी। अब यह साफ हो गया है कि इस फिल्म में अक्षय के ऑपोजिट लंबे समय बाद कटरीना कैफ दिखाई देंगी। फिल्म के प्रड्यूसर करण जौहर ने सोशल मीडिया पर यह कन्फर्म कर दिया है। करण ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार, कटरीना कैफ और रोहित शेट्टी दिखाई दे रहे हैं। फोटो में कटरीना लाल रंग के फ्लोरल टॉप और डेनिम में दिख रही हैं। करण ने फोटो के साथ लिखा, 'सूर्यवंशी गर्ल कटरीना का स्वागत है। फिल्म २०२० की ईद पर रिलीज होगी।' जबकि अक्षय ने लिखा, 'हमारी पुलिस की दुनिया में स्वागत है कटरीना... हमारी सूर्यवंशी गर्ल।' वैसे ऐसी खबरें पहले से सामने आ रही थीं कि कटरीना इस फिल्म का हिस्सा बन सकती हैं। उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में कटरीना और अक्षय इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। बता दें कि रोहित इससे पहले 'सिंघम', 'सिंघम रिटर्न' और 'सिंबा' जैसी सुपरहिट कॉप ड्रामा फिल्में दे चुके हैं। अक्षय की पिछली फिल्म 'केसरी' रिलीज हुई थी जबकि कटरीना शाहरुख के साथ 'जीरो' में नजर आई थीं। अब १० साल बाद एक बार फिर इन दोनों की जोड़ी पर्दे पर देखना दिलचस्प होगा।

माता-पिता के घोर पॉलिटिकल होने के बाद भी चुप रहती हैं आलिया, क्या स्टारडम खोने का है डर?

महेश भट्ट और सोनी राजदान अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं. महेश अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर पब्लिक लाइफ में हर मुद्दे पर बड़ी ही साफगोई से अपनी राय रखते रहे हैं. ऐसा ही कुछ सोनी राजदान के बारे में कहा जा सकता है. हाल ही में अनुपम खेर ने जब पीएम मोदी के खिलाफ वोट देने की अपील करने वाले आर्टिस्ट्स के खिलाफ एक ट्वीट किया था तो उस दौरान सोनी ने अनुपम से जवाब तलब भी किया था. लेकिन महेश और सोनी की बेटी आलिया किसी भी मुद्दे पर अपनी राय देने से बचती रही हैं. इंडस्ट्री में ७ साल पूरे कर चुकी आलिया भले ही इंडस्ट्री में सफलता की सीढ़ियां चढ़ चुकी हों लेकिन सोशल मुद्दों पर फिल्में बनाने वाली एक आर्टिस्ट के तौर पर वे बेबाकी और बेधड़क ओपिनियन से बचती रही हैं. आलिया के मुताबिक एक एक्टर के तौर पर आपको हमेशा ही अपने बारे में जागरुक रहना पड़ता है. लोग आपको किस नज़रिए से देख रहे हैं और आपकी इमेज लोगों के सामने कैसी है, इसका ख्याल रखना पड़ता है. मेरे कई चेहरे हैं. खुशी का, दुख का, उत्साह का, परेशानी का. हर समय के लिए एक चेहरा तैयार रखना पड़ता है. इसके अलावा एक और चीज है कि मुझ पर हमेशा लोगों को खुश रखने का दबाव रहता है और मैं चाहती हूं कि लोग मुझे एक बेहतरीन इंसान समझे. यही कारण है कि मैं सेट पर भी समय पर पहुंचती हूं क्योंकि मैं किसी को भी परेशान नहीं करना चाहती हूं. आलिया के अनुसार, एक सुपरस्टार होने के नाते वे एक रोल मॉडल हैं और उन्हें हमेशा सही संदेश लोगों को देना होता है. एक इंटरव्यू में आलिया ने कहा था कि यंग लड़कियां आपको फॉलो करती हैं और आप एक बने-बनाए ढांचे से इतर नहीं जा सकते हैं. ऐसा नहीं है कि आपकी खुद की सोच नहीं हो सकती है या आप किसी चीज़ को लेकर अपना प्वाइंट ऑफ व्यू नहीं रख सकते हैं लेकिन अगर आपकी पॉपुलर ओपिनियन नहीं है तो आप कई लोगों को नाराज कर सकते हैं और अगर ऐसा होता है तो सोशल मीडिया के दौर में चीज़ें बद से बदतर हो सकती हैं.

आईपीएल में २०० छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बने महेंद्र सिंह धोनी

बेंगलुरु : चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में २०० छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। रविवार को बेंगलुरु में ४८ गेंदों पर ८४ रनों की पारी के दौरान धोनी ने यह मुकाम हासिल किया। बैंगलोर की टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर निर्धारित २० ओवरों में ७ विकेट पर १६१ रन बनाए वहीं चेन्नै सुपर किंग्स ने ८ विकेट पर १६० रन ही बना पाई। धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ पारी में ७ छक्के और ५ चौके लगाए। उन्होंने अपनी टीम को लगभग जीत दिला ही दी थी लेकिन आखिरी गेंद पर दो रन नहीं बना पाने की वजह से चेन्नै को १ रन से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नै को आखिरी ओवर में २६ रनों की दरकार थी लेकिन ३ छक्के और १ चौके के बावजूद धोनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

इस मैच से पहले धोनी आईपीएल में छक्कों का दोहरा शतक लगाने से सिर्फ चार कदम दूर थे। बैंगलोर के खिलाफ जब वह बल्लेबाजी करने उतरे तो उनकी टीम २८ रन बनाकर संकट में थी लेकिन उन्होंने अंतिम गेंद तक अपनी टीम के लिए आस कायम रखी। जहां तक आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने की बात है तो धोनी तीसरे पायदान पर हैं। क्रिस गेल ३२३ सिक्स के साथ सबसे आगे हैं। इसके बाद १५० मैचों में २०४ छक्कों के साथ रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के एबी डिविलियर्स हैं। वहीं धोनी ने १८४ मैच खेले हैं।

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने १८२ मुकाबलों में १९० छक्के लगाए हैं वहीं १८६ मैचों में १९० के साथ सुरेश रैना भी इस लिस्ट में शामिल हैं। आरसीबी और टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली १७३ मैचों में १८६ छक्कों के साथ लिस्ट में छठे पायदान पर हैं।

रोज पिएं मोसंबी का जूस, होते हैं इतने सारे फायदे

गर्मियों के दिनों में मोसंबी का खट्टा मीठा जूस अमृत से कम नहीं है. ये बात सभी जानते हैं कि मोसंबी में विटामिन सी और पोटेशियम की भरपूर मात्रा पाई जाती है. खट्टे-मीठे स्वाद के चलते मोसंबी का जूस भारत का सबसे लोकप्रिय जूस है जो हर गली नुक्कड़ पर बेहद आसानी से मिलता है. मोसंबी में फाइबर भी पाया जाता है जो हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है. आइए जानते हैं हमारी सेहत और शरीर के लिए कितना फायदेमंद है मोसंबी - १. स्कर्वी एक ऐसी बीमारी है जिसमें मसूढ़ों से खून आने की शिकायत होती है. ये बीमारी विटामिन सी की कमी से होती है. मोसंबी के जूस में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है जो इस बीमारी के लिए मददगार साबित होता है.

२. पाचन क्रिया के लिए भी मोसंबी का जूस काफी फायदेमंद रहता है. अपनी मीठी खुशबू और एसिड की मात्रा के चलते मोसंबी का जूस पाचन क्रिया में भी मदद करता है. मोसंबी का जूस पेट की कई सारी समस्याओं से भी निजात दिलाता है.

३. क्या मोसंबी का जूस डायबिटीज़ के मरीजों के लिए फायदेमंद है ? जी हां, बिल्कुल है. आप २ चम्मच मोसंबी के जूस को, ४ चम्मच आंवले के जूस और १ चम्मच शहद के साथ रोज खाली पेट पिएं और फायदा खुद देखिए.

४. रोज मोसंबी का जूस पीने से रक्त संचार सही ढंग से होता है. मोसंबी का जूस हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है जिससे हमें बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है.

५. कभी सोचा है कि मोसंबी का जूस आपका वजन कम कर सकता है ? दरसल मोसंबी में कैलोरीज़ की मात्रा बहुत कम होती है. इसी वजह से ये वजन घटाने में भी मदद करता है. मोसंबी के जूस को शहद के साथ पीने से वजन की समस्या से छुटकारा मिलता है.

६. गर्भवती महिलाओं के लिए भी मोसंबी का जूस काफी फायदेमंद रहता है. ये मां और बच्चे दोनों की सेहत को फायदा पहुंचाता है.

७. हमारी आंखों की रोशनी के लिए भी मोसंबी फायदेमंद रहता है. पानी में मोसंबी के जूस की कुछ बूंद मिलाकर आंखों को धोने से आंखों के हर तरह के इन्फेक्शन से बचा जा सकता है.

८- मोसंबी के जूस को चेहरे पर लगाने से कील, मुंहासे और दाग-धब्बे जैसी समस्याओं से निजात मिलता है

९. मोसंबी का जूस पीने से खून साफ होता है. इसे पीने से त्वचा का रंग भी निखरता है.

१०. मोसंबी के जूस को पानी में डालकर नहाने से आप पसीने की बदबू जैसी समस्या से भी बच सकते हैं.

११. मोसंबी के जूस से कॉलेस्ट्रोल में कमी आती है और ब्लड प्रेसर की समस्या भी दूर होती है.

१२. विटामिन सी की मात्रा होने से सर्दी जुकाम की परेशानी भी दूर होती है.

१३. मोसंबी के जूस में कॉपर पाया जाता है जिससे ये बालों को कंडिशनर करने का काम करता है.

इससे बाल धोने से बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं. १४. मोसंबी के जूस से सूजन वाली जगह पर मालिश करने से सूजन और दर्द से भी राहत मिलती है.

१५. मोसंबी के जूस से होंठो पर मालिश करने से फटे होंठो की परेशानी भी दूर होती है.

संक्षिप्त न्यूज

'डी' की प्रॉपर्टी 'सफेमा' करेगी साफ, १४ संपत्तियां होंगी नीलाम

मुंबई : मोस्ट वांटेड आतंकी एवं अंतरराष्ट्रीय माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर उर्फ 'डी' के खिलाफ हिंदुस्थानी कानून का शिकंजा लगातार सख्त होता जा रहा है। दाऊद की बहन हसीना आपा की नागपाड़ा स्थित संपत्ति की नीलामी के बाद अब १४ और संपत्तियों की नीलामी की तैयारी हिंदुस्थानी जांच एजेंसियां कर रही हैं।

बता दें कि ऐंटी स्मगलिंग एजेंसी सफेमा (स्मगलिंग एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनिपुलेटर्स ऐक्ट) अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की १४ और स्थायी संपत्तियों को नीलाम करने की योजना बना रही है। ये संपत्तियां महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के मुंबके कस्बे के खेड़ गांव में स्थित हैं। ये संपत्तियां फिलहाल दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर और उसकी मां के नाम पर पंजीकृत हैं। इन संपत्तियों में एक तीन मंजिला बंगला है, इसके अलावा एक प्लॉट भी है, जहां पर एक पेट्रोल पंप लगाया जाना था। सफेमा ने पुणे के जिला मूल्यांकन अधिकारी को इन १४ संपत्तियों के दाम का आकलन करने का निर्देश दिया है। ये सभी संपत्तियां दाऊद के परिवार के नाम पर पंजीकृत हैं और अपराध से जुटाए गए धन से खरीदी गई हैं। खेड में दो प्रॉपर्टी हसीना के नाम पंजीकृत हैं और बाकी की संपत्तियां दाऊद की मां अमीना बी के नाम पर हैं। दाऊद और उसके भाई-बहन मुंबई की पाकमोडिया स्ट्रीट में रहा करते थे। १९८० के दशक में बने खेड स्थित उक्त बंगले में वे अक्सर आया करते थे किंतु यह बंगला १९९३ में हुए मुंबई सीरियल धमाकों की घटनाओं के बाद से खाली पड़ा हुआ है। दाऊद के ज्यादातर परिजन हिंदुस्थान छोड़कर जा चुके हैं। दाऊद ८० के दशक के अंत में ही हिंदुस्थान छोड़ कर चला गया था। १९९३ में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों में २५७ लोगों की जान गई थी।

भिवंडी में लिफ्ट टूटने से मजदूर की मौत

भिवंडी: सुभाष नगर में पावर लूम कारखाने की लिफ्ट टूटने से एक मजदूर की मौत हो गई। सागर मालदे व पारस मालदे के दो मंजिला के पावर लूम कारखाने में सामान लाने के लिए लिफ्ट लगाई गई थी, लेकिन लिफ्ट की सही देखभाल न होने से दुर्घटना हो गई। पुलिस के अनुसार, गुलबहार मंगरू खान (३४) लिफ्ट में सूत भरे बीम लेकर पहली मंजिल से उतर रहा था। उसी समय लिफ्ट का ब्रेक फेल होने के कारण लिफ्ट नीचे गिर गई, जिससे गुलबहार की मौत हो गई।

कैदी ने केबिन का कांच तोड़ा

कल्याण: आधारवाडी जेल में अधिकारी के केबिन में कैदी और अधिकारियों के बीच हुई बहस के दौरान कैदी ने कांच तोड़ दिया। खडकपाडा पुलिस स्टेशन में कैदी नारायण रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आधारवाडी जेल में बंद नारायण से सूबेदार संतोष कहा कि उसे तलोजा जेल ले जाया जा रहा है। वह उसे अधिकारियों के केबिन में ही बिठाकर बाहर चला गया। वह तलोजा जेल नहीं जाना चाहता था। इसी से नाराज होकर उसने केबिन का शीशा तोड़ दिया।

तेल पर फिसला, डंपर चालक ने कुचला

मुंबई: बांगुर नगर पुलिस ने एक अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम करीब ७ बजे १९ वर्षीय बाइक सवार अंधेरी से बोरीवली की ओर आ रहा था। इनफिनिटी मॉल के पास सड़क पर किसी गाड़ी से तेल फैल गया था। इसी तेल से उसकी बाइक फिसल गई और वह गिर गया। तभी पीछे से आ रहे डंपर चालक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम इमरान अंसारी है। बताया जा रहा है कि डंपर बीएमसी का है।

अमेरिकी ने शख्स को ट्रक से बांधकर घसीटा, पुलिस ने इंजेक्शन से दी सजा-ए-मौत

वाशिंगटन: अमेरिका में एक कुख्यात नस्लवादी हत्या के मामले में दोषी ठहराये गये एक श्वेत व्यक्ति को टेक्सास शहर में जहर का इंजेक्शन देकर मौत की सजा दे दी गई. श्वेत व्यक्ति ने एक पिकअप ट्रक के पीछे अश्वेत व्यक्ति को बांध कर उसे घसीटा था.

सब्जी को लगी गर्मी ग्राहकों के छूटे पसीने

नई मुंबई : सूर्य के बढ़ते पारा से सब्जी को भी गर्मी लगने लगी है यानी सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे ग्राहकों के पसीने छूट रहे हैं। भोजन में रुचिकर एवं पाचन के लिए महत्वपूर्ण माना जानेवाला लहसुन के दाम भी अब बढ़ गए हैं। होलसेल मार्केट में उत्तम दर्जे के लहसुन १०० रुपए प्रति किलो बेचे जा रहे हैं। बता दें कि नई मुंबई के एपीएमसी मार्केट में वर्ष की शुरुआत माह से ही नए लहसुन की आवक हो जाती है। शुरुआत में लहसुन दस रुपए प्रति किलो से लेकर ४० रुपए प्रति किलो होलसेल मार्केट में बेचा जहां गया, वहीं अब लहसुन के भाव ४० रुपए प्रति किलो से लेकर १०० रुपए प्रति किलो बेचने की बात बताई जा रही है। गुजरात तथा मध्यप्रदेश राज्य से लहसुन बाजार में आ रहे हैं। तेज धूप का असर सब्जियों पर भी पड़ा है। बाजार में सब्जियों की आवक कम होने से सब्जियों के दामों में ३० से ४० प्रतिशत वृद्धि होने की जानकारी मिली है। आमतौर पर एपीएमसी मार्केट में रोज ५०० से ५५० गाड़ियां सब्जियों की आती हैं परंतु अब ४५० से ५०० गाड़ियां ही सब्जियों की रही हैं। टमाटर को छोड़कर भिंडी, लौकी, मटर, गवार, शिमला मिर्ची, ककड़ी, हरा धनिया इन सभी सब्जियों के भाव बढ़ गए हैं। मेथी के साग २० रुपए एक जूड़ी, मटर ५० रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है।

गोमूत्र से कैंसर ठीक होने के दावे पर घिरीं साध्वी प्रज्ञा, कैंसर संस्थान के डॉक्टरों ने कहा– भ्रामक

मुंबई : मध्य प्रदेश की भोपाल सीट से बीजेपी का टिकट मिलने के बाद से ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब एक बार वह फिर अपने बयान को लेकर घिरी हुई हैं और इस बार मुंबई के डॉक्टर उनके बयान की आलोचना कर रहे हैं। मुंबई के टाटा मेमोरियल कैंसर संस्थान के डॉक्टरों ने साध्वी प्रज्ञा को उस बयान को भ्रामक बताया है, जिसमें उन्होंने गोमूत्र से कैंसर ठीक होने का दावा किया था। टाटा मेमोरिया सेंटर के डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र बाडवे ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जो यह साबित करे कि गोमूत्र या इस तरह का दूसरा प्रॉडक्ट कैंसर ट्रीटमेंट के लिए फायदेमंद होता है। बाड़वे ने कहा, 'ऐसी कोई स्टडी नहीं है जो इस तरह के दावों का समर्थन करे। सिर्फ रेडियोथेरपी, कीमोथेरपी और अब इम्युनोथेरपी ही ब्रेस्ट कैंसर के लिए साइंटिफिक ट्रीटमेंट के रूप में दुनियाभर में मौजूद हैं।' डॉ. राजेंद्र देश के मशहूर वरिष्ठ ब्रेस्ट ऑन्को सर्जन में से एक हैं।

डॉक्टरों ने कैंसर वाली बात की खारिज

बता दें कि प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने दावा किया था कि २०१० में उन्हें ब्रेस्ट कैंसर हुआ था जब वह मालेगांव ब्लास्ट के आरोपों के सिलसिले में महाराष्ट्र एटीएस की कस्टडी में थीं। उस समय जेजे अस्पताल में उनके कई टेस्ट हुए। उस वक्त अस्पताल के डीन डॉ. जेपी लहाने ने बताया कि इस बात के कोई संकेत नहीं है कि प्रज्ञा को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हुई थी।

'दावे को साबित करने वाली स्टडी लाएं'

जेजे अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि सीए १२५ ब्रेस्ट मार्कर टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव थी और उनकी एमआरआई स्कैन रिपोर्ट और ईसीजी रिपोर्ट भी बिल्कुल नॉर्मल थी। प्रज्ञा ने सोमवार को अपने नामांकन से पहले एक टीवी न्यूज चैनल से बातचीत में कहा था कि वह कैंसर से पीड़ित थीं। उन्होंने कहा, 'मैंने गोमूत्र और आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन करके खुद का इलाज किया था।' डॉ. बाडवे और उनकी टीम ने कहा कि इस तरह के दावे लोगों के बीच भ्रम फैला सकते हैं।

सेंटर के ऐकडेमिक्स डायरेक्टर डॉ. श्रीपद बनावली ने कहा, 'ब्रेस्ट और ब्लड कैंसर उपचार योग्य होते हैं लेकिन सिर्फ सिद्ध साइंटिफिक इलाज के साथ ही। अगर कोई गोमूत्र से ब्रेस्ट कैंसर ठीक होने का दावा कर रहा है तो क्या वह किसी अध्ययन के जरिए इसे साबित कर सकता है?'

मेट्रो ३ निर्माण ने पकड़ी रफ्तार, MIDC स्टेशन की खुदाई का काम पूरा

मुंबई : मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने मेट्रो ३ के निर्माण की रफ्तार बढ़ा दी है। एमआईडीसी स्टेशन की खुदाई का काम बारिश के पहले पूरा कर लिया है। यह स्टेशन जमीन से २० मीटर नीचे होगा। २४० मीटर लंबे, २१ मीटर चौड़े इस स्टेशन के लिए बॉक्स के आकार में खुदाई की गई है। स्टेशन के बेस स्लब का काम भी ८० प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने मेट्रो ३ के निर्माण की रफ्तार बढ़ा दी है। एमआईडीसी स्टेशन की खुदाई का काम बारिश के पहले पूरा कर लिया है। यह स्टेशन जमीन से २० मीटर नीचे होगा। २४० मीटर लंबे, २१ मीटर चौड़े इस स्टेशन के लिए बॉक्स के आकार में खुदाई की गई है। स्टेशन के बेस स्लब का काम भी ८० प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है।

दो मंजिला स्टेशन का निर्माण कट ऐंड कवर तकनीक से किया जा रहा है। जहां जमीन के भीतर मेट्रो दौड़ेगी, वहीं ऊपर के परिसर का इस्तेमाल अन्य कार्यों के लिए किया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर प्लैटफॉर्म तैयार किए जाएंगे, पहली मंजिल पर टिकट घर व सुरक्षा जांच की व्यवस्था होगी। दूसरी मंजिल का उपयोग व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए किया जाएगा। प्लैटफॉर्म तक आसानी से पहुंचने के लिए एक्सलेटर और लिफ्ट की भी व्यवस्था स्टेशन पर होगी। एमआईडीसी मेट्रो ३ कॉरिडोर का पहला स्टेशन है, जिसकी खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। जल्द ही स्टेशन निर्माण का कार्य भी शुरू कर लिया जाएगा। एमआईडीसी पैकेज ७ का हिस्सा है। पैकेज ७ के भूमिगत मार्ग तैयार करने का जिम्मा वैनगंगा १,२,३ टीबीएम मशीन को दिया गया है। टीबीएम ने पैकेज ७ की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। अप दिशा की तरफ ७ किलोमीटर और डाउन दिशा की तरफ ४ किलोमीटर तक मार्ग तैयार कर लिया गया है। पैकेज ७ के अंतर्गत मरोल नाका, एमआईडीसी और सीप्ज स्टेशन आते हैं।

एमआईडीसी से महाराष्ट्र पासपोर्ट मुख्यालय, उद्योग सारथी भवन, आकृति बिज हब और मरोल डिपो को कनेक्ट किया गया है। मुंबईकरों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार ३३ हजार करोड़ रुपये मेट्रो ३ परियोजना पर खर्च कर रही है। वर्ष २०२१ तक परियोजना का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। २७ स्टेशनों वाले मेट्रो ३ कॉरिडोर में २६ स्टेशन भूमिगत होंगे।

जो लोग बिना जांच-पड़ताल के घर खरीदते हैं वह अपनी शवयात्रा खुद निकालते हैं: हाई कोर्ट

मुंबई : बिना जांच पड़ताल के कई खरीददार ऐसे फ्लैट्स बुक कर लेते हैं जो सार्वजनिक जमीन पर बने होते हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने ऐसे खरीददारों को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने कहा है कि जो लोग इस तरह के प्रॉजेक्ट में बिना जांच किए फ्लैट्स खरीदते हैं वह अपनी शवयात्रा खुद निकालते हैं। हाई कोर्ट २० विहार बिल्डिंग्स के मामले में सुनवाई कर रही थी। यह बिल्डिंग प्लॉटों के साथ सड़कों और खेल मैदान के लिए छोड़ी गई जमीन कब्जा करके बनाई गई है। याचिकाकर्ताओं ने वसई-विहार नगर पालिका के उस नोटिस को हाई कोर्ट में चैलेंज किया है जिसमें नगर निगम ने वावतवाडी और फूलपाड़ा की बिल्डिंग गिराने को कहा है। याचिकाकर्ताओं ने वकीलों ने ९ अप्रैल को बहस की। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने रजिस्टर्ड अग्रीमेंट के तहत फ्लैट्स खरीदे हैं। बैंक ने भी उन्हें इस प्रॉजेक्ट पर लोन दिया, उनसे प्रॉपर्टी का टैक्स भी लिया गया। बेंच के जस्टिस सत्यरंजन धर्माधिकारी और जस्टिस बर्गेस कोलाबवाला ने कहा कि सड़क और खेल के मैदान के लिए छोड़ी गई जमीन पर वे कोई भी अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं करेंगे। बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को बलिदान देना ही पड़ेगा। बेंच ने कहा, 'आप स्वार्थी नहीं हो सकते। हम आपको सड़क पर नहीं आने देंगे। बिल्डिंग का सिर्फ वही हिस्सा गिराया जाएगा जो अवैध है।' बेंच ने डिवेलपर्स और जमीन के मालिकों से शपथपत्र मांगा है जिसमें उन्हें कोर्ट को यह आश्वस्त करना है कि वे फ्लैटों में रहने वाले लोगों के पुनर्वासन की व्यवस्था करेंगे। जस्टिस धर्माधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो वे बुलडोजर लेकर आएंगे और सब गिरा देंगे। किसी को भी इस मामले में नाक नहीं अड़ाने दी जाएगी।'

बलात्कार के सबूत जुटाने का प्रशिक्षण दे रही सरकार, विशेष किट करेगी मदद

मुंबई : यौन शोषण के बढ़ते मामले को देखते हुए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने बलात्कार के मामलों की तत्काल जांच के लिए एक विशेष किट व इसे इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग देश के डॉक्टरों के लिए शुरू की है। महाराष्ट्र सहित देश के कई राज्यों समेत केंद्र शासित राज्यों के डॉक्टरों का इसमें समावेश है। इस विशेष किट की मदद से बलात्कार के मामलों में सबूत जुटाने में तेजी आएगी, साथ ही छोटे से छोटे सबूत इकट्ठा करने में भी काफी मदद मिलेगी।

बता दें कि मंत्रालय द्वारा खून और वीर्य के नमूने एकत्रित करने व अन्य सबूत जुटाने के लिए ऐसे ३,१०० से अधिक विशेष किट देशभर के डॉक्टरों को दिए गए हैं। इसे यौन शोषण सबूत संकलन किट (एसएईसीके) या

'बलात्कार जांच किट्स' के नाम से जाना जाता है। कालीना स्थित फॉरेंसिक लैब के निदेशक डॉ. कुलकर्णी ने बताया कि इस किट में टेस्टयूब, स्वेब व अन्य जांच टूल्स (उपकरण) मौजूद हैं, जिससे सबूत इकट्ठा करने में काफी मदद मिलेगी। अक्सर अनुभव की कमी के चलते सबूत नष्ट जो जाता है लेकिन इस विशेष किट और ट्रेनिंग की मदद से पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय दिलाने में मदद मिलेगी। राज्य स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र में सबसे पहले इस किट के जरिए सैंपल कलेक्शन करना शुरू किया गया था। गृह मंत्रालय द्वारा अब इसे सभी राज्यों को दिया जा रहा है। कुछ दिनों पहले किट की ट्रेनिंग के लिए डॉक्टरों को दिल्ली बुलाया गया था। राज्यस्तर पर भी संबंधित लोगों को ट्रेनिंग दी गई है। हर सिविल अस्पताल से २-३ लोगों को सैंपल कलेक्शन के लिए ट्रेंड किया गया है।

वसई में किन्नर ने महिला को ठगा

वसई: माणिकपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पश्चिम स्थित अंबाडी रोड इलाके में एक किन्नर ने महिला से ३५ हजार रुपये के सामान की ठगी की है। पुलिस के अनुसार, प्राइम कोर्ट सोसायटी निवासी निशा कमलेश छेड़ा (४९) शनिवार की सुबह घर पर अकेली थी। इस दौरान एक किन्नर उसके घर में गया और कहा कि तुम्हारी किस्मत बदल दूंगा, अपने गले की चेन और रुपये एक कपड़े में बांधकर दो। महिला उसकी बातों में आ गई और सोने की चेन व ५ हजार दे दिए। थोड़ी देर में चकमा देकर वह सब लेकर भाग गया।

दो साल के बच्चे पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

नालासोपारा: सोपारा गांव में शनिवार देर शाम किसी अज्ञात शख्स ने २ साल के मासूम के गले पर किसी धारदार हथियार से वार कर दिया। इस हमले में बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। वारदात के बाद आरोपी शख्स फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, नवा एवेन्यू अपार्टमेंट निवासी सैफुनिशा मोहिउद्दीन सैयद (३५) के घर पर कोई धार्मिक प्रोग्राम चल रहा था। रात ८ बजे उसका छोटा बेटा हमजा सैयद (२) बिल्डिंग की सीढ़ियों पर खेल रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने उसके गले पर धारदार हथियार से वार किया।

पांच वर्षीय बच्ची को टेंपो ने रौंदा

भिवंडी: गोदाम इलाका वलपाडा में घरेलू सामान खरीदने के लिए पैदल जा रही ५ वर्षीय लड़की को पीछे से तेजगति से आ रहे टेंपो ने रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नारपोली पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज करके टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेरणा कॉम्प्लेक्स के पास रहने वाली बच्ची का नाम शिवांगी सरोज है।

रिकॉर्ड तोड़ मतों से हारेंगे संजय निरुपम, उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा का दावा

मुंबई : उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने दावा किया है कि २०२४ तक विरोधी दल प्रधानमंत्री बनने का सपना देखना छोड़ दें। उत्तर-पश्चिम मुबंई से कांग्रेस के उम्मीदवार संजय निरुपम की हार रिकॉर्ड तोड़ मतों से होगी। २०१४ में जितने मतों से निरुपम हारे थे, उससे अधिक मतों से इस बार हारेंगे। ऐसा दावा डॉ. शर्मा ने किया।



कल मुंबई स्थित सहारा होटल में आयोजित पत्रकार परिषद में डॉ. शर्मा ने कहा कि मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले पर कांग्रेस सरकार को कुछ न बोलनेवाले निरुपम उरी पर हुए आतंकवादी हमले पर आशंका व्यक्त करते हैं और सबूत मांगते हैं। ऐसे निरुपम को जनता रिकॉर्ड मतों से हराएगी। ऐसा दावा शर्मा ने किया। विरोधी दलों पर हमला करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए मायावती, अखिलेश यादव, शरद पवार, चंद्रबाबू नायडू आदि के साथ लालू यादव तो जेल में रहते हुए प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। वे लोग जो ३०,२०,२५ सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। २०२४ तक विरोधी दलों को पीएम का सपना देखना छोड़ देना चाहिए, ऐसा डॉ. शर्मा ने कहा। उत्तर प्रदेश में भाजपा की स्थिति के बारे में पूछे गए सवाल पर डॉ. शर्मा ने कहा कि अबकी बार ७४ पार। उन्होंने कहा कि योगी सरकार व मोदी सरकार ने जिस प्रकार से आपसी समन्वय बनाकर विकास का काम किया है। उस आधार पर भाजपा ७४ के पार जाएगी। २०१४ में दो लड़के अखिलेश व राहुल मिलकर चुनाव लड़े थे, बसपा विरोध में लड़ी थी। इस बार सपा, बसपा साथ मिलकर लड़ रहे हैं। कांग्रेस विरोध में लड़ रही है इसलिए भाजपा ७४ के पार जाएगी। विरोधी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए मोदी के लिए अपशब्द का प्रयोग विपक्ष कर रहा है, ऐसा डॉ. शर्मा ने कहा।

उन्होंने कांग्रेस-राकांपा को कागजी शेर बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर असत्य का प्रचार करके ये दोनों लोकप्रियता पाने की कोशिश कर रही हैं परंतु मोदी की लोकप्रियता की लहर चुनाव के दिन तूफान बनकर आएगी और इस तूफान में सभी विरोधी दल कहां उड़ जाएंगे, इसका पता भी नहीं चलेगा। साध्वी के बयान के बारे में पूछे गए सवाल पर डॉ. शर्मा ने कहा कि साध्वी प्रज्ञा ने खुलासा कर दिया है। उसके बाद यह विषय समाप्त हो गया। राममंदिर के बारे में डॉ. शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में राममंदिर बनाने की बात कही है।

बलात्कारी को पकड़ने के लिए दो किलोमीटर दौड़ी पुलिस

मुंबई : बलात्कारी को दबोचने के लिए वर्सोवा के पुलिसकर्मियों को लगभग २ किलोमीटर तक दौड़ लगानी पड़ी। बता दें कि अंधेरी-पश्चिम के चार बंगला, म्हाडा स्थित झोपड़पट्टी में रहनेवाली पीड़िता १८ अप्रैल की भोर में ६.४५ बजे के करीब बस्ती के पास की झाड़ियों में शौच के लिए गई थी। उसी दौरान पीछे से आए एक दरिंदे ने पीड़िता का मुंह दबाकर उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला। वर्सोवा पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रवींद्र बडगुजर के मार्गदर्शन में पीआई सुधाकर शिरसाट एवं पीएसआई गणपत धायगुडे की टीम ने लगभग २०-२५ फुटेज की जांच की।

मांओं ने ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के लिए शुरू किया ऑनलाइन मैट्रिमनी पेज

मुंबई : ऑटिज्म के बारे में एक आम धारणा है कि इससे पीड़ित लोग समाज में घुल-मिल नहीं पाते हैं और भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया नहीं देते हैं। लेकिन देश के अलग-अलग शहरों की पांच मांओं ने एक ऐसी पहल की है जो इस सोच को बदल सकती है। मुंबई, चेन्नै, कोयंबटूर और बेंगलुरु की महिलाएं ऑटिज्म से पीड़ित अपने पढ़े-लिखे और कमाऊ बेटों के लिए जीवनसंगिनी ढूंढने में सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही हैं। फेसबुक पर इन मांओं ने इन्क्लूसिव मैट्रिमनी ग्रुप की शुरुआत की है, जहां ऑटिज्म या किसी दूसरी शारीरिक अक्षमता से पीड़ित बच्चों के परिजन संपर्क कर सकते हैं। ग्रुप शुरू होने के बाद एक ही दिन में १०० से ज्यादा फॉलोअर हो गए हैं। इनमें से प्रत्येक को पांचों मांओं के वेरिफिकेशन के बाद ग्रुप का सदस्य बनाया गया है। बेंगलुरु की ५६ वर्षीय श्रीदेवी (बदला हुआ नाम) कहती हैं, 'हमारे करीब ९० प्रतिशत सदस्य ऐसे युवाओं के माता-पिता हैं जो अपने भविष्य की तैयारियों के लिए इस पहल का हिस्सा बनना चाहते हैं।' ऑटिज्म न्यूरॉलजी (तंत्रिका विज्ञान) से संबंधित एक मानसिक डिसऑर्डर है और इससे पीड़ित लोगों में अलग-अलग लक्षण पाए जाते

हैं। हॉलिवुड ऐक्टर डस्टिन हॉफमैन की 'रेन मैन' के चर्चित पात्र के अलावार फ्रेडी हाइमोर की टीवी सीरीज 'द गुड डॉक्टर' में इसके बारे में दिखाया गया है। ऑटिज्म से पीड़ित कुछ लोगों में बोलने की समस्या होती है तो कुछ दिमागी रूप से कमजोर होते हैं। श्रीदेवी (बदला हुआ नाम) कहती हैं, 'ऐसे स्पेशल बच्चों के माता-पिता अपने जाने के बाद उनके भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं। इन्क्लूसिव मैट्रिमनी हमारे बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।' उनका २८ साल का बेटा एक बैंक में काम करता है। वह बताती हैं, 'वह बहुत प्यारा लेकिन अच्छी तरह से कम्यूनिकेट नहीं कर पाता है।' जब उनका बेटा ग्रैजुएशन कर रहा था तो वह उसके साथ देहरादून गई थीं। एमबीए की पढ़ाई के दौरान चेन्नै में भी वह साथ थीं। श्रीदेवी (बदला हुआ नाम) ने टीओआई को बताया, 'वह एक बैंक में काम करता है। वह अकेले ट्रैवल करता है और हर तरह की घरेलू खरीदारी कर लेता है। लेकिन वह ठीक से बात करने में असमर्थ है और किसी के ताना मारने पर समझ नहीं पाता।' मैट्रिमनी पेज की एक और को-फाउंडर विमला (बदला हुआ नाम) मुंबई में रहती हैं। उनका ३० साल का बेटा एक मल्टिनैशनल सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करता है। वह बताती हैं, 'अपने बच्चों का जीवनसाथी ढूंढने के लिए हम यह पहल कर रहे हैं।' उनके बेटे ने कभी अपनी डिग्री पूरी नहीं की लेकिन कंप्यूटर के मामले में जीनियस है और बेंगलुरु में रहता है। इससे पहले दोनों ने अन्य मैट्रिमनियल साइट पर प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे। पांचों महिलाओं ने सबसे पहले एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया लेकिन बाद में उन्हें महसूस हुआ कि अपने बच्चों की जिंदगी आसान बनाने के लिए उन्हें बड़े सोशल प्लैटफॉर्म पर जाने की जरूरत है और फिर यह फेसबुक ग्रुप शुरू हुआ।

गाजियाबाद के सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने की पत्नी और तीन बच्चों की हत्या कर परिवार के व्हाट्सएप ग्रुप पर जुर्म कुबूला वीडियो भेजा

गाजियाबाद : पुलिस ने रविवार को कहा कि एक ३४ वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में अपने घर पर अपनी पत्नी और तीन बच्चों की कथित रूप से हत्या कर दी और एक वीडियो भेजा।

पुलिस ने कहा कि हत्या के बाद भाग रहे सुमित कुमार ने व्हाट्सएप पर यह भी कहा कि उसने खुद को मारने के लिए पोटेशियम साइनाइड खरीदा है। वीडियो देखने के बाद, कुमार की बहन, जो इंदिरापुरम में रहती है, ने अपने बहनोई पंकज सिंह को अलर्ट किया, जो जांच के लिए उसके फ्लैट पहुंचा।

'मैंने दरवाज़ा बंद पाया। मैंने पुलिस को बुलाया, जिन्होंने इसे खोला, वहाँ पंकज को उसकी बहन और उसके तीन बच्चों का शव मिला।

पुलिस ने चार शवों की पहचान में ३२ वर्षीय कुमार की पत्नी अंशु बाला के रूप में की, उनके पांच साल के बेटे प्रथमेश और जुड़वाँ बेटे आरव और आकाश, दोनों की उम्र चार साल थी। बाला शिक्षीका थी जबकि कुमार ने दिसंबर में अपनी नौकरी छोड़ दी थी, उसके के रिश्तेदारों ने बताया। उन्होंने २०११ में शादी कर ली।

सुमित कुमार पिछले साल दिसंबर में अपनी नौकरी से इस्तीफा देने के बाद से वित्तीय संकट से गुजर रहा था। मेरे माता-पिता भी उनके साथ रहते थे, लेकिन वे लगभग एक हफ्ते पहले एक शादी में शामिल होने गए थे। सुमित, उनकी पत्नी और तीन बच्चे फ्लैट में अकेले थे, 'सिंह ने कहा। अपने बयान के वीडियो में, सुमित कुमार ने कहा कि उसने अपने परिवार के लोगों को नींद की दवा मिलाकर पिलाया और उसके बाद उन्हें एक तेज वस्तु से मार दिया। 'हम सुमित का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उसका मोबाइल फोन बंद है। पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि चार पीड़ितों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पुलिस ने पीड़िता के भाई की शिकायत दर्ज करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की। सुमित कुमार पर आईपीसी की धारा ३०२ (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मंदिर में 'पडीकसु' पाने के लिए मच गई भगदड़, कई श्रद्धालुओं की मौत

तमिलनाडु : तमिलनाडु के तुरयूर स्थित एक मंदिर में रविवार को आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मची भगदड़ में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि दस लोग घायल हो गए। मुथियमपलयम गांव के क रूप्पास्वामी मंदिर में 'पडीकसु' (मंदिर का सिक्का) वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। 'चित्र पोर्नामी' त्योहार के अवसर पर हर साल यह आयोजन होता है। पुलिस के अनुसार, जब पुजारी ने मंदिर के सिक्कों का वितरण शुरू किया तो उसे लेने के लिए श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। इस दौरान चार महिलाओं समेत सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि दस अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंदिर के एक पदाधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पूजा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। यहां तक कि वहां इतने पुलिसकर्मियों की भी तैनाती नहीं की गई थी जो भगदड़ के बाद हालात को काबू में कर पाते।

जाकिर नाईक का आरोप, रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का दबाव बना रही सरकार

मुंबई : विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाईक ने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह उसे फंसाने में लगी है। जाकिर का आरोप है कि इंटरपोल पर उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए भारत सरकार लगातार दबाव बना रही है। नाईक ने एक बयान में कहा कि वह इस बात से अवगत हैं,'सरकार मेरे खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने के लिए इंटरपोल पर दबाव बना रही है।' बता दें कि जाकिर नाईक २०१६ में भारत छोड़ कर भाग गए थे। उन्होंने दावा किया, 'यह मुझे फंसाने के व्यापक अभियान का हिस्सा है लेकिन कुछ सदस्य देशों से पुष्टि करने के बाद, मैं यह दावा कर सकता हूं कि आज की तारीख मैं मेरे खिलाफ कोई रेड कॉर्नर नोटिस जारी नहीं है।' उन्होंने कहा कि भारतीय समाचार पत्रों में से एक ने भारतीय सरकार के आंतरिक विचार-विमर्श के बारे में एक रिपोर्ट प्रकाशित की। उन्होंने कहा कि यह विचार-विमर्श तो पिछले दो साल से अधिक समय से चल रहा है और समचार पत्र ने इस मामले में जल्दबाजी दिखाई। नाईक ने कहा कि इंटरपोल ने पहले ही उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस को रद्द कर दिया था। उसने कहा, 'सरकार को आरोपपत्र दायर किए और इंटरपोल पर दबाव बनाते हुए करीब डेढ़ साल हो गया है। लेकिन अभी जैसे हालात हैं, मेरे पास यह मानने के लिए एक भी कारण नहीं है कि इंटरपोल किसी भी अनुचित दबाव में आएगा।' नाईक के अभी मलेशिया में होने की खबर है। उनके खिलाफ २०१६ में तब से जांच जारी है, जब से केंद्र ने उनके 'इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन' को प्रतिबंधित कर दिया था। एनआईए की एक विशेष अदालत ने २०१७ जून में नाईक को घोषित अपराधी करार दिया था। उन पर युवकों को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसाने, घृणा फैलाने वाले भाषण देने और समुदायों के बीच शत्रुता फैलाने के आरोप हैं। एनआईए ने मुम्बई की एक अदालत में अक्टूबर २०१७ में नाईक और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

राज ठाकरे का पीएम मोदी पर हमला- 'उनके और इमरान खान के बीच आखिर चल क्या रहा है'

मुंबई : ऑडियो-विडियो के जरिए चुनाव प्रचार का नया तरीका अपनाकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) अध्यक्ष राज ठाकरे इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे राज ठाकरे ने मुंबई के भांडुप में रैली के दौरान पीएम मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के रिश्तों पर सवाल उठाया। भांडुप में रैली के दौरान राज ठाकरे ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा, 'मोदी कांग्रेस के पाकिस्तान से संबंधों पर कई बार सवाल उठा चुके हैं लेकिन पहली बार एक पाकिस्तानी प्रधानमंत्री भारत का प्रधानमंत्री चुनने में अपनी राय दे रहा है, अब मोदी से पूछिए कि भारत और इमरान खान के बीच आखिर चल क्या रहा है?'

राज ठाकरे यही नहीं रुके उन्होंने मंच पर लगी स्क्रीन के जरिए एक विडियो क्लिप दिखाई जिसमें पीएम मोदी पहली बार के मतदाताओं से बीजेपी को वोट देने और अपना वोट पुलवामा शहीदों को समर्पित करने की अपील करते दिखे। ठाकरे ने कहा, 'मोदी में कोई शर्म नहीं बची है, वह शहीदों के नाम पर बीजेपी को वोट देने के लिए कह रहे हैं।'

चुनाव से पहले मुंबई में हथियारों की तस्करी, खार मे ३ गिरफ्तार

मुंबई : चुनाव से पहले मुंबई में हथियार विक्रेताओं के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच और खार पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन देशी कट्टे और कई कारतूस जब्त किए गए हैं। पहली कार्रवाई में खार पुलिस के इंस्पेक्टर दया नायक ने मंगलवार रात साढ़े ११ बजकर ५० मिनट पर मूर्ति गली में रेड डाली और वहां से दो पिस्टल और छह कारतूस जब्त किए। इस संबंध में चेतन पटेल व जमुनादास पटेल नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी पर आर्म्स ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई। मंगलवार को बांद्रा क्राइम ब्रांच के सीनियर इंस्पेक्टर महेश देसाई ने बांद्रा-वरली सी लिंक के पास लालमट्टी झोपडपट्टी में छापा मारा और वहां एक आरोपी के पास से एक देशी कट्टा और छह कारतूस जब्त किए। उसे कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मुंबई की छह सीटों सहित ठाणे, कल्याण, भिवंडी और पालघर से आगे, नासिक, शिर्डी से नंदूरबार, मावल समेत १७ सीटों पर सोमवार २९ अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव प्रचार का अंतिम दिन शनिवार २७ अप्रैल है।

खरीदार को फ्लैट न देने पर बिल्डर को तीन साल की सजा

मुंबई, महाराष्ट्र राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक खरीदार को फ्लैट का कब्जा देने के संबंध में उसके आदेश की तामील नहीं करने पर शहर के एक बिल्डर को तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एपी भांगले और सदस्य एस के ककड़े की पीठ ने कहा कि एसडी कंस्ट्रक्शंस के मालिक शेखर दादरकर ने आयोग के २०१६ के आदेश की जानबूझकर अवहेलना की है। इस फैसले में आयोग ने उसे निर्देश दिया था कि वह अरूण केजरीवाल को तीन महीने के अंदर फ्लैट का कब्जा दिया जाए। पैनल ने रेखांकित किया है कि शिकायतकर्ता केजरीवाल ने बकाया राशि का भुगतान कर दिया लेकिन बिल्डर अंतिम फैसले पर अमल करने में नाकाम रहा। आयोग ने १८ अप्रैल को दिए अपने आदेश में कहा है कि दादरकर को जेल भेजने के लिए हिरासत में लिया जाए। अगर आरोपी इस पैनल के २० सितंबर २०१६ के अंतिम फैसले का पालन करता है तो उसे जेल से रिहा किया जाएगा। पैनल से इस बात पर भी गौर किया कि दादरकर ने शिकायतकर्ता को धोखा देने के मकसद ने उक्त फ्लैट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। आयोग ने दादरकर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी पाया और उसे तीन साल की साधारण कैद की सजा देने के साथ ही उस पर १० हजार रुपये का

कांग्रेस-राकांपा को सबक सिखाएंगे उत्तरभारतीयः आजमी

मुंबई : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विधायक अबू आसिम आजमी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मनसे का साथ लेने पर कांग्रेस-राकांपा को निश्चित ही उत्तर भारतीय मतदाता सबक सिखाएगा। उन्होंने कहा कि मनसे का साथ लेने वाली कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना होगा। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए एक बार फिर उन्होंने दोहराया कि धर्मनिरपेक्ष वोटों का बंटवारा रोकने के लिए हम लोग कांग्रेस-राकांपा के साथ गठबंधन करना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस तैयार नहीं हुई। वे हमें वोट कटवा कह रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल व केरल में कांग्रेस वोट कटवा बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा-बसपा गठबंधन महाराष्ट्र में एक विकल्प बनना चाहता है, क्योंकि कांग्रेस हमेशा से मुस्लिमों की दुश्मन रही है।

मोदी के परिजन को अपशब्द लिखने वाले पर एफआईआर

मुंबई : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां एवं परिवार के लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया में अश्लील टिप्पणी करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ अंधेरी पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आपत्तिजनक टिप्पणी १४ अप्रैल की है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता कारोबारी नितेश तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि रफीक शेख नामक एक अज्ञात व्यक्ति ने फेसबुक पर मोदी के परिजन के खिलाफ अपशब्द लिखे और भाजपा के लोगों को उसके खिलाफ मामला दर्ज कराने की चुनौती दी थी।

शेख की पोस्ट को अनिल भविस्जर ने शेयर किया है, जो केजरीवाल का प्रशंसक बताया जा रहा है। इन दोनों के खिलाफ नितेश तिवारी ने अंधेरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। अंधेरी पुलिस सायबर पुलिस की मदद से घटना की जांच कर रही है।

हापुस के नाम पर नकली आम से सावधान! ऐसे करें पहचान

नवी मुंबई : मुंबई के बाजारों में खुलेआम कर्नाटक से हापुस प्रजाति के आए आमों को कोंकण हापुस आम के नाम पर बेचा जा रहा है। यह बिक्री नवी मुंबई और ठाणे सहित समूचे मुंबई महानगर क्षेत्र के उपनगरों के फुटकर बाजारों, गलियों, मुहल्लों में की जा रही है।

किलो में खरीद, दर्जन में बिक्री

सड़कों, गलियों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, चौराहों व सिग्नल के आस-पास, रेलवे व बस अड्डों जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में खुदरा विक्रेता आसानी से देखे जा सकते हैं। ये विक्रेता समूहों में रहते हैं और सुबह से शाम तक विभिन्न उपनगरों में घूम-घूम कर आम बेचते हैं। पैदल घुमंतू विक्रेता वाशी थोक बाजार से कर्नाटक वाले आम प्रति किलो में खरीदते हैं। इसके बाद रंगीन पुट्ठों की छोटी-छोटी पेटियों में भर कर दर्जन के हिसाब से बेच देते हैं।

जीआई टैग के बाद भी ठगी

२०१८ में कोंकण में उत्पादित हापुस (अल्फांसो) को 'जीआई टैग' की पहचान मिलने से अब सिर्फ इन्हें ही 'हापुस' नाम से खरीदा-बेचा जा सकता है। जीआई टैग से कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के अन्य जिलों तथा इस साल से दक्षिण अफ्रीका में उत्पादित इसी प्रजाति के आमों को 'हापुस' नाम नहीं दिया जा रहा है। दुकानदार खुदरा विक्रेता तो इसका पालन कर रहे हैं, पर फेरीवाले नहीं।

चुनाव आयोग ने जब्त किए एसयूवी कार में मिले ४६ लाख रुपये, जांच जारी

मुंबई : दक्षिणी मुंबई के भायखला इलाके में चुनाव अधिकारियों ने एक एसयूवी से ४६.२१ लाख रुपये नकद जब्त किए। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। भायखला मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। यहां महाराष्ट्र की १६ अन्य सीटों के साथ २९ अप्रैल को चुनाव होने हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के एक दस्ते ने मंगलवार की शाम पुलिस के साथ सात रास्ता में की गई सुरक्षा जांच के दौरान एसयूवी से यह नकदी बरामद की।

आयकर विभाग को दी सूचना

पुलिस ने बताया कि अधिकारी एसयूवी में सफर कर रहे ईश्वर प्रसाद सोलंकी से सवाल-जवाब कर रहे हैं ताकि नकद के स्रोत एवं मकसद का पता चल सके। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों ने जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित कर दिया है।

उल्हासनगर में मारुति वैन में मिले ७१ लाख रुपये

वहीं एक अन्य घटना में उल्हासनगर के शांतिनगर नाके पर नाकाबंदी के दौरान आचार संहिता पथक ने एक मारुति वैन की तलाशी के दौरान ७१ लाख रुपये नकदी जब्त की है। वैन में बैठे लोगों का कहना था कि यह पैसा बैंक का है और वे इसे एटीएम में जमा करने जा रहे है। नोडल अधिकारी युवराज भदाने ने बताया कि पूछताछ में संदेह होने पर उन्होंने स्थानीय पुलिस को बुलाकर नकदी सहित पकड़े गए लोगों को पुलिस के हवाले कर दिया। आगे की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है।

MISSING
from 3rd April 2019
Name : Vikas Arvind Gupta
Age : 20 years
If found please Contact
9975358246 / 8600207264
Address : Santosh Bhavan, Anna Dish, J.P Vidyalaya, Nalasopara East.

Marriage Ground
Available at
MIRA ROAD (E) JOGESHWARI (W)
For booking contact us :
Chauhan Caterers & Decorator
Mob. 9987998710 / 9004433228

मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है
CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIATION (REGD.)

अच्छे मियाँ
कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-
(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®
Jogeshwari
★ We Have No Branch ★
Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046
: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.
Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह